समारोह. आइआइएम रांची ने मनाया स्थापना दिवस

देश की अर्थव्यवस्था बढ़ाने के लिए प्रबंधन विशेषज्ञ एकजुट हों : प्रसाद

संवाददाता, रांची

सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते छात्र-छात्राएं.

प्रबंधन संस्थान न केवल भविष्य के प्रबंधक तैयार करती हैं, बल्कि रोजगार की संभावनाएं भी विकसित करती हैं. देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए प्रबंधन के अनुभवी व्यक्तियों की जरूरत है. यह तभी पूरा होगा जब प्रबंधन विशेषज्ञ एकजुट होकर काम करें. इससे राज्य व देश की अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा. इसके लिए प्रबंधन से जुड़ रहे युवाओं को रोजगार सृजन के रचनात्मक अवसर तैयार करने होंगे. उक्त बातें सीसीएल के चेयरमैन पीएम प्रसाद ने कहीं. वे गुरुवार को आइआइएम रांची के 14वें स्थापना दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए. उन्होंने आइआइएम रांची को राज्य व देश के शैक्षणिक योगदान में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने की बात कहीं.

वहीं, विशिष्ठ अतिथि के रूप में आइआइएम रांची के बोर्ड ऑफ गवर्नेंस के चेयरमेन प्रवीण शंकर पांडेया उपस्थित हुए. उन्होंने युवाओं को प्रबंधन के गुण सीखकर बतौर उद्यमी बन रोजगार को बढ़ावा देने की बात कही.

निदेशक प्रो दीपक कुमार श्रीवास्तव ने संस्था का शैक्षणिक रिपोर्ट पेश किया. कहा कि संस्था देश के विभिन्न उद्योग से सामंजस्य स्थापित कर रही है, ताकि समाज और पर्यावरण की आकांक्षा पूरी की जा सके. स्थापना दिवस के मौके पर बीते 10 वर्षों से संस्था में शैक्षणिक सहयोग दे रहे प्राध्यापकों को सम्मानित किया गया. साथ ही सत्र 2021-22 में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विभिन्न संकाय के विद्यार्थियों को उनके एकेडमिक रिकॉर्ड के लिए मेरिट सर्टिफिकेट देकर प्रेरित किया गया. आयोजन के दौरान विभिन्न संकाय के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी. इस अवसर पर बोर्ड ऑफ गवर्नेंस के सदस्य ओम प्रकाश सिंघानिया, डॉ प्रदीप कुमार बाला समेत अन्य मौजूद थे.

Prabhat Khabar_16.12.2022_5